संख्या: 5/2016/181/61-2016.

प्रेषक,

एस0 पी0 उपाध्याय,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

निर्वाचन अनुभाग लखनऊ दिनांक 10 मार्च, 2016

विषय: नवसृजित जनपद कासगंज (कांशीराम नगर) में जिला निर्वाचन कार्यालय हेतु सृजित अस्थाई पदों की निरन्तरता स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-275/61-2015-61(4)/2008, दिनांक 07-04-2015 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नवसृजित जनपद कासगंज (कांशीराम नगर) में जिला निर्वाचन कार्यालय हेतु सृजित निम्नलिखित चार अस्थाई पदों, जिनकी निरन्तरता दिनांक 29-02-2016 तक स्वीकृत है, की निरन्तरता वर्तमान शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय दिनांक 28 फरवरी, 2017 तक बढ़ाये जाने की सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के अधीन प्रदान करते हैं कि उक्त सभी पद किसी भी समय तथा बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किये जा सकते हैं:-

क्र0सं0	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या
1	सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी	रू0-5500-175-9000	एक
2	कैशियर-कम-स्टोर-क्लर्क	रू0-4000-100-6000	एक
3	चपरासी	रू0-2550-55-2660-60-3200	एक
4	चौकीदार	रू0-2550-55-2660-60-3200	एक
		योग-	चार

2- उक्त पदों के पदधारकों को शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत आदेशों के अनुसार महंगाई एवं अन्य भत्ते जो भी अनुमन्य हों, देय होंगे।

----/2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-2017 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-41 के अंतर्गत लेखा शीर्षक-"2015-निर्वाचन-आयोजनेतर-103-निर्वाचक नामावली तैयार करना और मुद्रण-03-विधान सभा एवं संसद" की सुसंगत इकाइयों के नामे डाला जायेगा।

4- ये आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या: ए-2-2574/दस-98-24(8)/92, दिनांक 02 दिसम्बर, 1998 में प्राप्त अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(एस0 पी0 उपाध्याय)
उप सचिव।

संख्या: 5/2016/181(1)/61-2016 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार लेखा (प्रथम), उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) जिलाअधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, कासगंज (कांशीराम नगर)।
(3) कोषाधिकारी, कासगंज (कासीराम नगर)।
(4) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग -12
(5) गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(एस0 पी0 उपाध्याय)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।